हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 28 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज की स्थापना करने के लिए आज से देशभर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है जिसका विषय "राष्ट्र की समृद्धि के लिए ईमानदारी की संस्कृति" रखा गया है।शासन और सार्वजनिक प्रशासन में नैतिकता और पारदर्शिता के बारे में अधिक संवेदनशीलता पैदा करने के लिए यह सप्ताह मनाया जाता है। मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, बैंकों और अन्य सभी संगठनों में लोक सेवकों द्वारा शपथ लेने के साथ आज इस सप्ताह की शुरूआत हुई।सप्ताह के दौरान भ्रष्ट आचरण के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के लिए कई समारोह आयोजित किए जाएंगे।उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के आस-पास यह सप्ताह मनाया किया जाता है।

****

ऐतिहासिक नगरी पानीपत में कल मैराथन नॉन स्टॉप हरियाणा नॉन स्टॉप जुनून का आयोजन किया गया। जिसमें धावकों की हौसला अफजाई के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सहित शिक्षा पुरातत्व एवं संसदीय कार्यमंत्री महीपाल ढांडा,पंचायत विकास एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार,पानीपत से विधायक प्रमोद विज, समालखा से विधायक मनमोहन भड़ाना व हर उम्र के व्यक्तियों ने भाग लिया। मैराथन को मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया पानीपत के हुड्डा ग्राउंड में हरियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आयोजित इस मैराथन में बच्चो से लेकर 70 वर्ष के जवान मैराथन का हिस्सा बने। मैराथन को तीन श्रेणियों में बाटा गया। जिसमें 21 कि.मी., 10 कि.मी. और 5

कि.मी. की दौड़ रही। 60 साल की आयु पार कर चुके वरिष्ठ नागरिकों ने भी खूब दौड़ लगाई।

रियाणा उदय कार्यक्रम के तहत आयोजित इस मैराथन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के युवाओं ने देश-विदेश में अपनी प्रतिभा एवं कौशल की धाक जमाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी युवा शक्ति की अक्सर सराहना करते हैं।

उन्होंने कहा कि इस मैराथन का उद्देश्य सबको फिटनेस के प्रति जागरूक करना और साथ ही नागरिकों में प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विजेताओं को पारितोषित वितरित करते हुए उपस्थित युवाओं को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने 21 कि.मी., 10 कि.मी. और 5 कि.मी. की मैराथन के सभी विजेताओं के साथ ही इनमें भाग लेने वाले हर नागरिक को बधाई भी दी।

****
****

हरियाणा सरकार ने गेहूं के प्रमाणित बीजों की बिक्री दरों और तय दरों पर एक हज़ार रुपए प्रति क्विंटल सब्सिडी देने की घोषणा की है।

हिसार से हमारे संवाददाता सुरेंद्र कुमार ने क्षेत्र के गांवों में जाकर इस घोषणा पर किसानों की प्रतिक्रिया ली। प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हित में लिए गए इस फैसले से किसान काफी खुश और संतुष्ट हैं।

किसानों ने कहा कि भविष्य में भी उम्मीद करते हैं कि सरकार इसी तरह किसानों के हित में फैसले लेती रहेगी व अन्य फसलों के बीज भी सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाएगी।

****
****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि राज्य सरकार योग और आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हरियाणा की लगभग साढ़े छः हज़ार पंचायतों में व्यायामशालाएं और जन आरोग्य केंद्र स्थापित किए गए हैं। मुख्यमंत्री कल हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ में संचालित आचार्यकुलम के वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को धनतेरस, दीपावली, अन्नकूट, भैया दूज, छठ पर्व की बधाई देते हुए कहा कि संतों के बीच उपस्थित होना उनका सौभाग्य है और मां गंगा के तट पर आकर वे बेहद उत्साहित महसूस कर रहे हैं मुख्यमंत्री ने आयुर्वेद और योग की पुनर्स्थापना के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए योग गुरु बाबा रामदेव को साधुवाद देते हुए कहा कि प्रदेश की युवा पीढ़ी को योग की तरफ आकर्षित करने के लिए योग शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। हरियाणा में योग को पहली से दसवीं कक्षा तक अनिवार्य किया गया है।

****
****